हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 1 दिसंबर 2025

06 माइम में राष्ट्रीय मंच के लिए चयनित हुई जेएच...




07 जिला जेल में गायत्री परिवार ने किया गीता पाठ





**खबर संक्षेप**

### जनवरी 2026 में परमार्थ देव जी के सान्निध्य में होगा योग शिविर



**माखननगर।** पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान और संबद्ध संगठनों द्वारा नर्मदापुरम जिले के माखन नगर में एक दिवसीय इंटीग्रेटेड योग शिविर और राज्य एवं जिला कार्यकारिणी की बैठक सफलतापूर्वक हुई। इसका मुख्य उद्देश्य संगठन की मजबूती, योग शिक्षकों के विस्तार और आगामी शिविर की रूपरेखा तय करना था। शिविर में भारत स्वाभिमान, पतंजलि योग समिति, पतंजलि किसान सेवा समिति, युवा भारत और सोशल मीडिया के राज्य पदाधिकारी, वरिष्ठ योग शिक्षक, मुख्य योग शिक्षक, सहयोग शिक्षक सहित 250 नियमित योग साधकों ने भाग लिया। बैठक में भारत स्वाभिमान के राज्य प्रभारी करण सिंह पवार, पतंजलि किसान सेवा समिति के राज्य प्रभारी मुन्नीलाल यादव, भारत स्वाभिमान के सह राज्य प्रभारी भीमराव, सोशल मीडिया के राज्य प्रभारी सतनारायण गौर समेत राज्य कार्यकारिणी के सदस्य और जिले के सभी प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। 13, 14, एवं 15 जनवरी 2026 कोमुख्य केंद्रीय प्रभारी डॉ. परमार्थ देव महाराज के सान्निध्य में माखननगर में इंटीग्रेटेड योग शिविर एवं कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित होगा।

रिजर्व के बफर जोन में की जाती रही है नाइट सफारी, वन्यप्राणी प्रेमी करते रहे हैं विरोध

# आज से सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में नाइट सफारी बंद, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का होगा पालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बफर जोन में एक दिसंबर से नाइट सफारी पूरी तरह बंद हो जाएगी। इसके पीछे कारण है सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित एक आदेश, जिसके तहत सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्र संचालक ने उक्ताशय के आदेश जारी किए हैं। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्र संचालक द्वारा 28 नवंबर 2025 को जारी पत्र क्रमांक 9649 में इसका उल्लेख किया गया है कि माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा दिनांक 17 नवंबर 2025 को आदेश पारित किया है। जिसके बाद मुक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एवं मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक भोपाल द्वारा 28 नवंबर 2025 को पत्र क्रमांक 10146 सभी क्षेत्र संचालकों को दिया गया था। मध्य प्रदेश के सभी क्षेत्र संचालकों को उक्त पत्र के अनुसार टाइगर रिजर्व क्षेत्रों में नाइट सफारी बंद करने के आदेश दिए गए थे।

पत्र अनुसार सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बिंदु क्रमांक 48.7 में उल्लेख है कि नाइट टूरिज्म अर्थात नाइट सफारी रात्रि पर्यटन पर पूरी तरह से प्रतिबंध क्रियान्वित किया जाए। वहीं बिंदु क्रमांक 50.1.5 में उल्लेख किया है कि एनटीसीए अर्थात नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी की गाइडलाइन के अनुसार भी



नाइट टूरिज्म पूरी तरह बंद किया जाना है। उक्त आदेश सर्वप्रथम प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एवं मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक मध्य प्रदेश भोपाल के द्वारा 28 नवंबर 2025 को जारी किए गए थे। उक्त अधिकारी के आदेश क्रमांक 10146 के परिपालन में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्र संचालक ने पत्र क्रमांक 9649 जारी किया है।

### वापस होगी राशि

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्र संचालक के पत्र क्रमांक 9649 में उल्लेख है कि एक दिसंबर 2025 से रात्रि वाहन सफारी को पूरी तरह बंद किया जाना है। पत्र में उल्लेख है कि यदि दिनांक एक दिसंबर 2025 या इसके बाद की रात्रिकालीन सफारी के अग्रिम बुकिंग पर्यटकों के लिए की गई हो तो संबंधित पर्यटकों को उनके द्वारा जमा की गई अग्रिम राशि वापस की जाएगी। साथ ही राशि वापसी का संपूर्ण विवरण भी लिखित रूप में क्षेत्र संचालक कार्यालय को देना हो होगा। क्षेत्र संचालक ने उक्त पत्र सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के समस्त परिक्षेत्र अधिकारियों, उपसंचालक तथा सहायक संचालक को प्रेषित किये हैं।

### होता रहा है विरोध

उल्लेखनीय है कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बफर जोन क्षेत्र में नाइट सफारी अर्थात नाइट टूरिज्म का विरोध वर्षों से वन्यजीव प्रेमी करते रहे हैं। वन्यजीव प्रेमियों का कहना है कि रात्रि में वाहनों से जंगल क्षेत्र में जाना वन्यजीवों की नैसर्गिक प्रक्रिया को प्रभावित करता है। वहीं वाहनों के तीव्र रोशनी अथवा सर्च लाइट की अति तीव्र रोशनी वन्यजीवों के जीवन को प्रभावित करती है। रात्रि टूरिज्म बंद करने के सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से वन्य जीव प्रेमी बहुत खुश हैं।

### कम ही हैं पर्यटक

बहुत कम पर्यटकों ने नाइट सफारी बुक की है। वैसे ही ठंड का मौसम है तथा गर्मी में नाइट सफारी चलन में होती है। फिर भी जो भी आंकड़ा होगा, हम सभी पर्यटकों को राशि वापस करेंगे।

**राखी नंदा, क्षेत्र संचालक, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम।**

## रेलवे स्टेशन की स्वचालित सीढ़ियों पर चढ़ते समय बुजुर्ग यात्री घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी रेलवे स्टेशन पर कुछ समय पूर्व एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में स्वचालित सीढ़ियों का उपयोग करते समय एक बुजुर्ग यात्री घायल हो गए। यह घटना स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

घटना और सुरक्षा के पहलू घटना के समय बुजुर्ग यात्री सीढ़ियों पर चढ़ रहे थे, तभी संतुलन बिगड़ने या किसी अन्य कारण से वह घायल हो गए। इस तरह की दुर्घटनाएं विशेष रूप से बुजुर्ग, बच्चों और शारीरिक रूप से असहाय यात्रियों के लिए बड़ा खतरा पैदा करती हैं।

**यात्रियों की सुरक्षा प्राथमिकता हो:**

रेलवे स्टेशन पर स्वचालित सीढ़ियां सुविधा के लिए लगाई गई हैं, लेकिन इसके इस्तेमाल में यात्रियों को भी अत्यधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

**यात्रियों को सलाह :** रेलवे यात्रियों को अपनी सुरक्षा के लिए स्वचालित सीढ़ियों का इस्तेमाल बड़े सावधानी से करना होगा। सीढ़ियों पर हमेशा हैंडल को कसकर पकड़ें और जल्दबाजी से बचें।रेलवे से मांग : यह दुर्घटना रेलवे प्रशासन को यात्रियों की सुरक्षा पर अधिक ध्यान देने के लिए एक चेतावनी है। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे को निम्नलिखित कदम उठाने चाहिए।कर्मचारी की तैनाती : स्वचालित सीढ़ियों के पास बुजुर्ग और असहाय यात्रियों की सहायता के लिए स्थायी रूप से कर्मचारियों की तैनाती की जानी चाहिए।

**सतर्कता और मार्गदर्शन :**

ये कर्मचारी दुर्घटनाओं से बचाव के लिए यात्रियों को सीढ़ियों के इस्तेमाल के दौरान उचित मार्गदर्शन प्रदान कर सकते हैं।

बुजुर्ग और असहाय यात्रियों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए जाने चाहिए, ताकि वे बिना किसी डर या जोखिम के रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं का उपयोग कर सकें।

## रेलवे स्टेशन पर मेंटेनेंस से एक्सीलेटर बंद बुजुर्ग यात्रियों को भारी परेशानी

**यात्रियों ने जताई नाराजी, हफ्ते में दो-तीन बार बंद रहता है एक्सीलेटर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रेलवे स्टेशन पर शनिवार को मेंटेनेंस कार्य के चलते एक्सीलेटर (स्वचालित सीढ़ी) बंद रहने से यात्रियों को, विशेष रूप से बुजुर्गों और बच्चों को, भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। प्लेटफॉर्म बदलने या बाहर निकलने के लिए सामान के साथ सीढ़ियों का उपयोग करना पड़ा, जिससे यात्रियों की परेशानी बढ़ गई।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि एक्सीलेटर को आज सुबह से मेंटेनेंस के लिए बंद रखा गया था। हालांकि, स्थानीय यात्रियों ने रेलवे के इस दावे पर असंतोष व्यक्त किया। यात्रियों का कहना है कि यह समस्या सिर्फ आज की नहीं है। उनके अनुसार, एक्सीलेटर हफ्ते में



दो से तीन बार घंटों के लिए बंद रहता है, जिससे उन्हें लगातार कठिनाई झेलनी पड़ती है। एक यात्री ने कहा, "रेलवे को यात्रियों की सुविधा को देखते हुए बेहतर और समय पर मेंटेनेंस सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की समस्याएँ दोबारा न हों।"स्थिति और यात्रियों का आक्रोश हालांकि, रेलवे ने शाम 6 बजे तक एक्सीलेटर को सुचारू रूप से चालू कर दिया। इसके बावजूद, यात्रियों में लगातार बंद रहने की प्रवृत्ति को लेकर काफी नाराजगी बनी हुई है। इटारसी स्टेशन मध्य भारत का एक महत्वपूर्ण जंक्शन है, और एक्सीलेटर का बार-बार बंद होना यात्रियों की सुविधा पर सीधा असर डाल रहा है। यात्रियों ने मांग की है कि रेलवे प्रशासन इस समस्या को गंभीरता से ले और एक स्थायी समाधान निकाले ताकि भविष्य में इस महत्वपूर्ण सुविधा का लाभ यात्रियों को निर्बाध रूप से मिलता रहे।

## निशुल्क कोचिंग क्लास के गरीब वर्ग के बच्चों को दिए छात्रवृत्ति के चेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

श्री रामकृष्ण विवेकानंद वेदांत समिति शारदा चेरिटेबल ट्रस्ट पुणे के सहयोग से गरीब वर्ग के स्कूली बच्चों को छात्र वृत्ति प्रदान करती है। नर्मदापुरम संभाग में कक्षाओं 10




वीं तथा 12 वीं के परिणाम उपरांत मेरिट लिस्ट आधार पर छात्रवृत्ति दी जाती है। बीती रात सोहागपुर नप के उद्यान में छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम में नियम अनुसार गरीब वर्ग के बच्चों को छात्रवृत्ति दी गई है। आयोजकों से प्राप्त जानकारी अनुसार सोहागपुर संदीपनि स्कूल और शासकीय कन्या शाला के 13 विद्यार्थियों को नपाध्यक्ष लता पटेल, तारा जायसवाल, शक्ति मेहरा, संध्या नागवंशी ने छात्रवृत्ति के चेक दिये। उल्लेखनीय है कि सोहागपुर में भी लगभग 13 वर्षों से विवेकानंद भावधारा सेवा समिति आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए निशुल्क कोचिंग संचालित कर रही रही है। तथा छात्रवृत्ति पाने वाले बच्चों में से अधिकतर बच्चे इसी निशुल्क कोचिंग में अध्ययन करते हैं। इस कार्यक्रम में अभिभावकों सहित कोचिंग के टीचर्स खुशबू सोनी, दीपेश शर्मा का सराहनीय सहयोग रहा। यह कार्य रामकृष्ण मिशन आश्रम के सन्त वीरेश्वानंद के मार्गदर्शन में किया गया।

## ग्राम तीखड़ में नदी किनारे से छह फीट लंबा अजगर पकड़ा, सुरक्षित रेस्क्यू किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



ग्राम तीखड़ में शनिवार शाम नदी के किनारे एक 6 फीट लंबा अजगर दिखाई दिया। इसके आकार के कारण ग्रामीणों में डर का माहौल बन गया। शाम करीब 6:30 बजे, गांव के निवासी यश मेहतो अपने खेत की ओर जा रहे थे, जो नदी के उस पार है। नदी के पास पगडंडी के रास्ते पर ही उन्हें यह अजगर बैठा दिखा। उन्होंने तुरंत गांव के अमित चौधरी को इसकी सूचना दी, जिन्होंने तत्परता दिखाते हुए वन विभाग को सूचित किया।

**सर्पमित्रों का सफल ऑपरेशनः**

सूचना मिलते ही, वनपरिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक शर्मा के निर्देशन में सर्पमित्रों की टीम अभिजीत यादव, अभय चौरे, सचिन दुलारे, और सुरज अहिरवार तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने पाया कि अजगर नदी के किनारे एक सुरक्षित जगह पर बैठा हुआ था।

सर्पमित्रों ने बेहद सावधानी और कुशलता से करीब 6 फीट लंबे इस इंडियन रॉक पायथन सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू किया। इस सफल रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद, टीम ने अजगर को उसके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया, जिससे उसे नया जीवन मिला। वन विभाग और सर्पमित्रों की इस त्वरित कार्रवाई की ग्रामीणों ने खूब सराहना की है।

## दुबे अस्पताल चौराहे पर पाइप लाइन में लीकेज मार्ग पर बहा पानी नागिरकों को हुई परिशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर की न्यास कॉलोनी क्षेत्र में एक प्रमुख चौराहे पर पानी की पाइपलाइन में लीकेज (रिसाव) के कारण सड़क पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे आम जनता और राहगीर खासे परेशान रहे। यह लीकेज न्यास कॉलोनी स्थित दुबे अस्पताल के सामने वाले चौराहे पर हुआ था। पाइपलाइन में लीकेज आने के कारण, बड़ी मात्रा में पानी सड़क पर बह गया।

सड़क पर पानी फैल जाने के कारण यातायात प्रभावित हुआ और इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। चौराहे के आसपास सड़क पर पानी जमा हो गया है, जिससे पैदल चलने वालों को गंदे पानी से होकर गुजरने पर मजबूर हुए।

यह लीकेज एक तरफ पानी की बर्बादी का भी कारण बना, जो शहर के जल प्रबंधन के लिए चिंता का विषय है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका के जल विभाग से जल्द से जल्द इस लीकेज को ठीक करने और चौराहे को आवागमन के लिए सुगम बनाने की मांग की है।

## धाई सोठिया में तेंदुए के पगमार्ग से दहशत, वन विभाग को दी गई सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सतपुड़ा के जंगलों से सटे ग्राम धाई सोठिया और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदुए के मूवमेंट ने दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। पगडंडियों पर तेंदुए के स्पष्ट पंजे के निशान देखे जाने के बाद स्थानीय लोग खौफ में हैं। ग्रामीणों के अनुसार, धाई सोठिया के बाहरी इलाकों में तेंदुआ घूम रहा है।

शनिवार को ग्रामीणों ने कई जगहों पर तेंदुए के ताजे और बड़े पंजे के निशान देखे, जिससे इलाके में एक तेंदुआ होने की पुष्टि हुई।

**वन समिति अध्यक्ष ने दी सूचना**

मामले की गंभीरता को देखते हुए, वन समिति खटामा के अध्यक्ष विनोद वारिवा ने तुरंत इस संबंध में



वन विभाग को सूचित किया। वारिवा ने वन अधिकारी (एसडीओ) मानसिंह मरावी को फोन पर पूरी जानकारी दी और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया। वन विभाग की टीम मौके पर रवाना एसडीओ मानसिंह मरावी ने सूचना मिलने पर मामले को गंभीरता से लिया है। सूत्रों के मुताबिक, उन्होंने वन विभाग की टीम को धाई सोंठिया के प्रभावित क्षेत्रों में रवाना किया है। टीम तेंदुए के पगमार्गों की जांच करेगी, उसके मूवमेंट के पैटर्न को समझने की कोशिश करेगी, और ग्रामीणों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश देगी।

वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे शाम के समय अकेले बाहर न निकलें और मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर बांधकर रखें। वन विभाग का कहना है कि वे स्थिति पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं और अगर तेंदुआ लगातार रिहायशी इलाकों में मूवमेंट करता रहा, तो उसे सुरक्षित रेस्क्यू करने के लिए ट्रैप कैमरे और पिंजरे लगाने की कार्रवाई भी की जा सकती है।

### आज अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव कार्यक्रम

**सोहागपुर।** सोमवार को गीता जयंती के उपलक्ष्य में नप सोहागपुर द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। नप से प्राप्त जानकारी अनुसार मातापुरा वार्ड के दीवान मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। सोहागपुर नप के मुख्य नगर पालिका अधिकारी धर्मेंद्र शर्मा ने नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

## एसपी के आदेश पर बड़ी कार्रवाई, मध्य प्रदेश में करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले चिटफंड कंपनी पिनकॉन ग्रुप कोलकाता के खिलाफ एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मध्य प्रदेश में करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने वाली चिटफंड कंपनी पिनकॉन ग्रुप कोलकाता के खिलाफ आखिरकार बड़ी कानूनी कार्रवाई शुरू हो गई है। छतरपुर एसपी आगम जैन के सख्त निर्देश पर, कंपनी के मुख्य सरगना मनोरंजन रॉय सहित कुल 31 आरोपियों के खिलाफ छतरपुर के सिविल लाइन थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

यह कार्रवाई सीएसपी अरुण सोनी की सक्रियता और थाना प्रभारी सतीश सिंह की तत्परता से की गई। सिविल लाइन थाने में एफआईआर आज तड़के दर्ज की गई है। न इटारसी निवासी रमेश के साहू एडवोकेट ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर सागर और नर्मदापुरम के आदेश पर भी जल्द ही इसी तरह की प्राथमिकी दर्ज होना शेष है।

**करोड़ों की ठगी का मामला** अधिवक्ता श्री साहू ने बताया कि पिनकॉन ग्रुप ने अपनी सहयोगी 5 कंपनियों, अस्क फाइनेंशियल सर्विस, एल आर एन फाइनेंस, एल आर एन यूनिवर्स प्रोड्यूसर, ग्रीन एज एवं उत्कल मल्टी स्टेट क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी माध्यम से निवेशकों को ठगा। कंपनी ने बैंक से अधिक ब्याज देने और आकर्षक प्रोडक्ट देने का लालच देकर निवेशकों से एफडी, आरडी, और एमआईएस के रूप में राशि जमा कराई। क्षतिग्रस्त निवेशक (छतरपुर) छतरपुर जिले के 669 निवेशकों की 4.83 करोड़ रुपए की राशि जमा कराई गई। राशि वापस करने का समय आने पर कंपनी अप्रैल 2018 में छत्रसाल चौराहा स्थित अपना कार्यालय बंद करके फरार हो गई।कलेक्टर के आदेश पर हुई एफआईआरदरअसल, यह प्राथमिकी मध्य प्रदेश निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2000 के तहत की गई है। सक्षम प्राधिकारी (कलेक्टर छतरपुर) ने दो वर्ष पूर्व 5 दिसंबर 2023 को ही इस मामले में बड़े आदेश जारी किए थ। निवेशकों की दावा राशि 5.91 करोड़ रुपए की वसूली 12 प्रतिशत हर्जाने के साथ की जाए। बैतूल की संपत्ति कुर्क की जाए और कंपनी के 9 खाते फ्रीज किए जाएं। आरोपियों के खिलाफ आपराधिक प्राथमिकी दर्ज की जाए।अधिवक्ता श्री साहू ने उम्मीद जताई है कि अब शीघ्र ही विवेचना कर अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा और निवेशकों की वर्षों से फंसी हुई राशि की रिकवरी हो सकेगी

### आवासीय विद्यालय में छात्रों को बांटे गर्म ऊनी टोपे

**इटारसी।** भारतीय जनता पार्टी की जिला मंत्री एवं आदर्श आवासीय विद्यालय, तवा नगर की विधायक प्रतिनिधि रीता सिंह ठाकुर ने मंडल उपाध्यक्ष विनोद केवट के साथ मिलकर आदर्श आवासीय विद्यालय तवा नगर और अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास तवा नगर के सभी 282 छात्रों के लिए गर्म ऊनी टोपे वितरित किए। अचानक मिली इस भेंट से सभी छात्र बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने खुशी जाहिर की। यह वितरण छात्रों को राहत प्रदान करेगा।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने सुनी पीएम के मन की बात



**बैतूल।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महत्वकांक्षी कार्यक्रम मन की बात का 128 वॉ प्रसारण बैतूल जिले के 1593 बूथो पर देखा व सूना गया। इसी कडी में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार बैतूलबाजार मंडल के गोडी गौला बूथ क्रमांक 230 पर शामिल होकर उपस्थित ग्रामीणजनो के बीच मन की बात पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री हर महीने के अंतिम रविवार को मन की बात के माध्यम से संवाद करते है। भारत की महान संस्कृति में आज शांति और करूणा का भाव आज के कार्यक्रम में मोदी जी सहजता से समझाया है। साथ ही लोकल फॉर वोकल से आत्मनिर्भर भारत से विकसित भारत के मंत्र को दोहराया। भगवान बुद्व के पवित्र अवशेष को लेकर भारतवासियों की भावना जब साझा की तो हर स्त्रोता और दर्शक का हदय गर्व से भर उठा। कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष सुनील पंवार, मंडल महामंत्री अभिषेक विक्की राठौर, उपाध्यक्ष कांति पंवार, अरविंद राठौर, उमेश राठौर सोनू राठौर ,सरपंच रेखा अहाके, तेजीराम पांसे, सुभाष लोखंडे, गोलू अहाके सहित बूथ अध्यक्ष संदीप देशमुख, बूथ महामंत्री, बूथ समिति के सदस्यों सहित बडी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### मानसरोवर द स्कूल का वार्षिक उत्सव संपन्न



**बैतूल।** मानसरोवर द स्कूल में पांचवें स्थापना दिवस पर प्रथम वार्षिक उत्सव उद्गम से प्रारंभ गुरुवार को शानदार अंदाज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आमला विधायक डॉक्टर योगेश पंडाग्रे, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, नगर पालिका अध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर और सहायक संचालक बैतूल भूपेंद्र वरकड़े की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की सबसे बड़ी आकर्षण प्रस्तुति युग दर्शन रही, जिसमें सतयुग से लेकर कलियुग तक चारों युगों का भव्य चित्रण छात्रों ने मंच पर जीवंत कर दिया। दर्शकों ने प्रस्तुति की कलात्मकता और भाव के अनुरूप अद्भुत प्रस्तुतीकरण की सराहना की। छात्रों ने भगवान विष्णु के दस अवतार का मंचन कर संस्कृति और अध्यात्म का अद्वितीय संगम पेश किया। वहीं योग के महत्व पर आधारित विशेष प्रदर्शन ने स्वास्थ्य, संतुलन और एकाग्रता की अवधारणा को प्रभावी रूप से सामने रखा। क्रिकेट महिला विश्व कप विजेताओं की प्रेरणादायी कहानी पर आधारित स्पोर्ट्स डांस ने दर्शकों में जोश भर दिया। इसी क्रम में नारी शक्ति पर आधारित दमदार नृत्य प्रस्तुति ने महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम का एक और अनोखा आकर्षण वह क्षण रहा जब एक साथ 50 छात्रों ने तालझसंगीत से सजी वाद्य प्रस्तुति दी, जिसने पूरा हॉल तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंजा दिया।

### 251.29 लाख मूल राशि हुई जमा, 60.90 लाख का सरचार्ज हुआ माफ

# समाधान योजना का उपभोक्ता उठा रहे लाभ



**8083 बकायादार उपभोक्ताओं ने कराया पंजीयन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

**जिले में बिजली उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने सरकार ने समाधान योजना शुरू की है। जिसमें बकाया राशि की वसूली के लिए एकमुश्त या किशतों में भुगतान की सुविधा भी उपभोक्ताओं को दी है और उपभोक्ता इस योजना का लाभ भी ले रहे है।**

बैतूल वृत्त में पदस्थ महाप्रबंधक भूपेन्द्र सिंह बघेल ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 में अब तक 8083 बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराया है। इन उपभोक्ताओं में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 251.29 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 60.90 लाख का सरचार्ज माफ किया गया है। विद्युत वितरण कंपनी के अनुसार जिले में 2 लाख 28 हजार 697 लाख उपभोक्ता हैं। इन पर करीब 95 करोड़ 54 लाख रूपये का बिजली बिल बकाया है। यदि बकायादार उपभोक्ता समाधान योजनांतर्गत समय पर बकाया राशि जमा करते हैं, तो कंपनी द्वारा सरचार्ज माफ किया जाएगा, इससे उपभोक्ताओं को राहत तो मिलेगी ही, साथ ही कंपनी को राजस्व सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। बताया जा रहा है कि समाधान योजना के प्रथम चरण में घरेलू व कृषि उपभोक्ताओं को एकमुश्त बकाया जमा करने पर 60 से लेकर 100 प्रतिशत सरचार्ज माफी देने का प्रावधान किया है।

#### जनवरी से दूसरा चरण, छूट में आंशिक बदलाव

समाधान योजना 2025-26 का उद्देश्य 3 माह से अधिक अवधि के उपभोक्ताओं को बकाया विलंबित भुगतान के सरचार्ज पर छूट देना करना है। यह योजना जल्दी आएं, एकमुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पाएं के सिद्धांत पर आधारित है। इस योजना में उपभोक्ता को प्रथम चरण में एकमुश्त भुगतान करने पर सबसे अधिक लाभ होगा, जबकि द्वितीय चरण के दौरान छूट का प्रतिशत क्रमशः कम होता जाएगा। यह योजना दो चरणों में प्रारंभ होकर प्रथम चरण की शुरुआत 3 नवंबर से 31 दिसंबर 2025 तक रहेगी, जिसमें 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। इसी तरह द्वितीय और अंतिम चरण में, जो कि एक जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक लागू रहेगी, इसमें 50 से 90 फ़ीसदी तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। प्रथम चरण में एकमुश्त राशि जमा कराने पर अधिकतम लाभ होगा।

#### किस्तों में राशि जमा करने पर 70 प्रतिशत सरचार्ज माफ

जो उपभोक्ता एकमुश्त भुगतान नहीं कर सकते, उन्हें कंपनी ने किस्तों में राशि जमा करने की सुविधा दी है। ऐसी स्थिति में गैर-घरेलू एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान पर 70 प्रतिशत तथा किस्तों पर 50 प्रतिशत सरचार्ज छूट दी जाएगी। प्रथम चरण में अधिकतम छूट उपलब्ध है, इसलिए उपभोक्ताओं को इससे समय पर लाभ उठाना चाहिए। अधिकारियों के अनुसार योजना का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बकाया चुकाने के लिए प्रेरित करना और जिले की बिजली आपूर्ति व्यवस्थित बनाए रखना है। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि ये योजना सीमित अवधि के लिए है। इसलिए बकायादारों से आग्रह किया जा रहा है कि वे समय रहते बिलों का भुगतान कर योजना का फायदा उठाएं।

#### 8083 बकायादार उपभोक्ताओं ने कराया पंजीयन

योजना के अंतर्गत 8083 बकायादार उपभोक्ताओं ने कराया पंजीयन कराया है। जिन्होंने 251.29 लाख मूल राशि जमा कर समाधान योजना अंतर्गत 60.90 लाख का सरचार्ज माफी का लाभ लिया है। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे प्रथम चरण में ही एकमुश्त भुगतान कर इस योजना में शामिल होकर सरचार्ज में अधिकतम छूट का लाभ उठाएं। यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है, जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे। अब उन्हें समाधान योजना के प्रथम चरण में सरचार्ज में 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा है।

#### इन्होंने लिया योजना का लाभ

समाधान योजना के तहत 1 लाख से अधिक बकाया राशि वाले कृषि पंप उपभोक्ता सुप्रिया सिंह विपती निवासी-खेड़लीबाजार द्वारा बकाया राशि रू 2.01 लाख होने पर राशि 1.14 लाख सरचार्ज में छूट लेकर योजना में लाभ उठाया। इसी प्रकार चिरोंजीलाल रामा निवासी कल्याणपुर द्वारा राशि 0.70 लाख, तुलसी राम काशीराम निवासी-बोरगांव द्वारा राशि 0.80 लाख, ईठलराव धनजी निवासी-जीनढाना द्वारा राशि 084 लाख, मौजीलाल बाली निवासी बिघवा द्वारा राशि 0.71 लाख सरचार्ज में छुट पाकर योजना का लाभ उठाया। इस प्रकार 28 नं. उपभोक्ताओं द्वारा योजना का लाभ लिया। औद्योगिक उपभोक्ता मेसर्स इति बायोटेक द्वारा 8.07 लाख की राशि जमा कर बंद पड़ी यूनिट को चालू करवाया गया।

#### इनका कहना है

*जिले में 8083 बकायादार उपभोक्ताओं ने 251.29 लाख मूल राशि जमा की है, जिससे उन्हें योजना अंतर्गत 60.90 लाख का सरचार्ज माफ हुआ है। बकायादार उपभोक्ता योजना के प्रथम चरण में राशि जमा कर 60 से 100 प्रतिशत सरचार्ज माफी का लाभ ले सकते है।*

*- भूपेन्द्र सिंह बघेल, महाप्रबंधक, बैतूल वृत विद्युत वितरण केन्द्र बैतूल*

### बाइक हादसे में घायल युवक की मौत

**बैतूल।** बैतूल-छिंदवाड़ा हाइवे पर दो दिन पहले हुए सडक़ हादसे में घायल तीन युवकों में से एक की बीती रात इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान जेताढाना निवासी 35 वर्षीय राजू पिता शिवदीन के रूप में हुई है। राजू को पैरों में गंभीर चोटें आई थीं। जिला अस्पताल पुलिस चौकी मृतक का पोस्टमार्टम कराएगी। यह हादसा शुक्रवार रात दुनावा मैनी खापा क्षेत्र में हुआ था। प्रारंभिक जांच के अनुसार, तीन युवक एक ही बाइक पर तेज रफ्तार से जा रहे थे। मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर सडक़ से फिसल गई, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में लिलाझर निवासी 17 वर्षीय अजय पिता बोबिया के हाथ की एक उंगली कट गई और हाथ में गंभीर फ्रैक्चर आया। जेताढाना निवासी 23 वर्षीय राहुल पिता साहेबलाल नानकर के पैर में गहरा फ्रैक्चर हुआ। मृतक राजू भी जेताढाना का निवासी था और उसे सबसे गंभीर चोटें आई थीं। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को मुलताई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से 108 एंबुलेंस द्वारा शनिवार रात करीब 1 बजे बैतूल जिला अस्पताल रेफर किया गया। उन्हें लगभग 2 बजे जिला अस्पताल में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया था। गंभीर रूप से घायल राजू की हालत आईसीयू में लगातार बिगड़ती गई। शनिवार-रविवार की रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। ड्यूटी पर तैनात डॉ. अंकित श्रीवास्तव ने उन्हें मृत घोषित किया। फिलहाल अन्य दो घायलों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को हादसे का प्रमुख कारण बताया गया है।

## आज पांढुर्णा से प्रारंभ होगी स्वदेशी संकल्प यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

अखिल भारतीय व्यापारी परिषद (कैट) एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में स्वदेशी संकल्प यात्रा का शुभारंभ आज 1 दिसंबर को गुरुदेव सेवा मंडल जय स्तंभ चौक से किया जाएगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि बीसी भरतिया, राष्ट्रीय अध्यक्ष कैट, सुनील अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष कैट, प्रकाश चंद उइके अनुसूचित जनजाति आयोग के विधिक सलाहकार, सुधीर दाते क्षेत्रीय संगठन मंत्री मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ प्रदेश, स्वदेशी जागरण मंच, केशव दुबौलिया संगठन मंत्री, मध्य भारत प्रांत, संदीप घाटौड़े, पांढुर्णा नगर पालिका अध्यक्ष तथा अन्य गणमान्य उपस्थित रहेंगे। पांढुर्णा से निकलकर यात्रा सायं 04 बजे मुलताई पहुंचेगी, वहां से सायं 07 बजे आमला व रात्रि विश्राम बैतूल करेगी। 2 दिसंबर को रथ का बैतूल शहर में विभिन्न स्थानों पर भ्रमण करने के पश्चात गंज में 02 बजे नुक्कड सभा के बाद चिचोली के लिये रवानगी होगी। इस कार्यक्रम के निमित्त वन विश्राम गृह में प्रेस वार्ता की गई। जिसमें राजीव खंडेलवाल प्रांतीय महामंत्री, कैट सदा प्रभारी मध्य प्रदेश स्वदेशी संकल्प यात्रा ने संबोधित किया। पत्रकार वार्ता में मनजीत सिंह साहनी जिला अध्यक्ष, सुभाष बुधराजा प्रदेश मंत्री, नितिन बेहुने जिला उपाध्यक्ष, बृजेश पोपट एवं नगर मंडल अध्यक्ष, प्रकाश छगानी नगर मंडल उपाध्यक्ष, पंकज नाइक नगर मंडल कोषाध्यक्ष, भूपेंद्र करेरा एवं प्रेस क्लब से अजय तावरे और दीपक रावल गुड्डू कावले, सुधीर नंदेकर तथा शिवे किशन पाल बैतूल एवं अनेक स्वजन उपस्थित रहे। सर्वविदित है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय मिशन आत्मनिर्भर भारत देश को आर्थिक सशक्तिकरण की नई दिशा प्रदान कर रहा है। वोकल फ़ॉर लोकल के आह्वान तथा स्वदेशी अपनाओ, देश बचाओ के राष्ट्रीय नारे को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वदेशी जागरण मंच एवं लगभग 7 करोड़ व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करने वाला अखिल भारतीय संगठन कैट मिलकर यह यात्रा देशभर में आयोजित कर रहे हैं।

### बेटियों की ताकत पर आधारित माइम राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित

## माइम में राष्ट्रीय मंच के लिए चयनित हुई जेएच कॉलेज की टीम



**बैतूल।** औरंगाबाद (छत्रपति संभाजीनगर) में आयोजित ज़ोन लेवल यूथ फेस्टिवल 2025 में इस बार बैतूल जिले ने वह उपलब्धि हासिल की, जिसका वर्षों से इंतजार था। पीएम श्री जे.एच. कॉलेज बैतूल की माइम टीम ने पहली बार प्रथम स्थान प्राप्त कर सीधे राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित होकर जिले का नाम चमका दिया।

उल्लेखनीय है कि माइम एक प्रदर्शन कला है जिसमें कलाकार बिना बोले, हाव-भाव और शारीरिक हरकतों से भावनाओं और कहानियों को व्यक्त करते हैं। इस कला में, मौन अभिनय के माध्यम से संचार किया जाता है, जो गैर-मौखिक संचार पर बहुत अधिक निर्भर करता है। टीम की प्रस्तुति का विषय था लड़कियां कमजोर नहीं हैं। माइम में दिखाया गया कि त्रेतायुग, द्वापरयुग से लेकर आधुनिक समय तक भले ही महिलाओं ने अत्याचार सहन किए हों, लेकिन जब अन्याय अपनी सीमा पार करता है तो वही नारी अपने रौद्र रूप में अत्याचार का अंत करती है। नारी शक्ति, साहस, आत्मनिर्भरता और जागरूकता के इस सशक्त संदेश ने दर्शकों को इतना प्रभावित किया कि पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। इस प्रभावी मूकाभिनय का निर्देशन लक्की इंगले और सोनू कुशवाह ने किया। मंच पर करन धाड़से, विवेक पवार, ऋषि कापसे, समीर वाड़ीवा, विष्णु धुर्वे और प्रेरणा सातपुते ने बेहद संयमित और भावपूर्ण अभिनय कर सभी का दिल जीत लिया। उनकी अभिव्यक्ति और प्रस्तुति ने जजों पर भी गहरी छाप छोड़ी। प्रस्तुति की ऊर्जा और प्रभाव को सागर पांसे और अर्जुन धाड़से की संगीत संगत ने और अधिक मजबूत कर दिया। टीम की इस उपलब्धि के पीछे सोनू कुशवाहा, लक्की इंग्ले, रोहित कहार, भूपेंद्र मालवी और अक्षय मालवी, अमोल नागले, का विशेष सहयोग भी रहा, जिन्होंने हर कदम पर कलाकारों को दिशा दी।

### अब 11 दिसंबर तक पूर्ण किया जाएगा गणना पत्रक व सत्यापन का कार्य

**बैतूल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम में संशोधन करते हुए सभी चरणों की समय-सीमा बढ़ा दी गई है। आयोग द्वारा जारी नवीन एसआईआर कार्यक्रम के अनुसार घर-घर गणना पत्रक एवं सत्यापन का कार्य अब 11 दिसंबर 2025 तक पूरा किया जाएगा। इसके बाद प्रारूप मतदाता सूची 16 दिसंबर 2025 को प्रकाशित की जाएगी, जिसके बाद 16 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां स्वीकार की जाएँगी। संशोधित कार्यक्रम अनुसार दावे और आपत्तियों पर सुनवाई, सत्यापन, प्रपत्रों की जांच तथा निर्णय प्रक्रिया निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारियों द्वारा 16 दिसंबर 2025 से 7 फरवरी 2026 तक निरंतर रूप से की जाएगी। संशोधित कार्यक्रम अनुसार जांच और अंतिम प्रकाशन की अनुमति के लिए आयोग को भेजे जाने वाले प्रस्ताव की समय-सीमा 10 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। इसके बाद अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के शुद्धीकरण के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य किया जा रहा है। ताकि मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाया जा सके।

### गीता जयंती पर संगोष्ठी संपन्न

## गीता केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है




**बैतूल।** शासकीय महाविद्यालय घोड़ाडोंगरी में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद घोड़ाडोंगरी द्वारा गीता जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रीति वर्धन चतुर्वेदी, प्रोफेसर हेमंत निरापुरे के आतिथ्य में और ब्लॉक समन्वयक संतोष राजपूत की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर प्रीति वर्धन ने कहा कि श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कुरुक्षेत्र के रणक्षेत्र में भगवद्-गीता का दिव्य उपदेश दिया था कि तुम अपना कर्म करो फल की चिंता मत करो। उन्होंने वर्तमान परिपेक्ष में जिस तरह से जातिवाद एवं विघटित होने की जो मानसिकता आज समाज में है उसमें संगठित रहने की बात कही। प्रो.निरापुरे ने भी गीता जयंती का महत्व सत्य, धर्म और कर्तव्य का मार्ग दिखाती है। मनुष्य को भय, दुख और मोह से निकालती है। जीवन में कर्म, भक्ति, ज्ञान और समता का संदेश देती है। संतोष राजपूत ने बताया कि गीता जयंती कार्यक्रम को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने वृहद रूप दिया है जिससे गीता का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि अपने-अपने प्रयोगशाला ग्राम में गीता जयंती का आयोजन करें एवं गीता का संदेश के संदेश को प्रचारित करें। कार्यक्रम का संचालन जतिन प्रजापति ने व आभार परामर्शदाता यशोमति भोरवंशी ने करते हुए कहा कि गीता कि जीवन के हर संकट में गीता हमारा मार्गदर्शन करती है। यह केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। इस अवसर पर भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी बिंदिया, नोविनो, शिवानी शुभम राहुल सवाल मोनिका मंडल एवं मनीष को सम्मानित भी किया गया। मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के सभी परामर्शदाता तथा सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर किया जाएगा समवेत गीता का सामूहिक पाठ

**बैतूल।** कलेक्टर के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर 1 दिसंबर को सुबह 9 बजे से कोठीबाजार स्थित ओपन ऑडिटोरियम में सामूहिक समवेत गीता स्वाध्याय कार्यक्रम का आयोजन होगा। साथ ही जिले के सभी स्कूल, कॉलेजों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें जनप्रतिनिधि, स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थी और गणमान्य नागरिक शामिल होंगे।

## सारनी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आदतन अपराधी को किया गिरफ्तार



**बैतूल।** पुलिस ने आदतन अपराधी अम्मू उर्फ आमिर को मात्र 24 घंटे में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी अनिकेत कुमार पिता राजेश कुमार भारती, उम्र 25 वर्ष निवासी कांग्रेस नगर पाथाखेड़ा (हाल बंजारा होटल, बागडोना) ने रिपोर्ट की कि आरोपी अम्मू उर्फ आमिर द्वारा अपने साथी पप्पू उर्फ वसीम को पुरानी रंजिश के कारण गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की नीयत से बियर की बोतल एवं हाथ में पहने कड़े से पप्पू अंसारी पर प्राणघातक हमला किया गया। रिपोर्ट पर थाना सारनी में धारा 296, 109(1) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी शोभापुर कॉलोनी क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी अम्मू उर्फ आमिर को शोभापुर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को विधिवत अभिरक्षा में लेकर न्यायालय में पेश किया। आरोपी बदमाश प्रवृत्ति का है तथा थाना सारनी में इसके विरुद्ध मारपीट, चोरी एवं अवैध हथियार रखने संबंधी पूर्व में कई प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी को जाहिरा निगरानी बदमाश सूची में सम्मिलित करने की कार्यवाही की जा रही है। इस कार्रवाही में निरीक्षक जयपाल इनवाती, उप निरीक्षक मनोज उसके, उप निरीक्षक नितिन उइके, सहायक उप निरीक्षक अजय भाट, प्रधान आरक्षक मनोज आदि का रहा सहयोग।

### सरकार की योजनाएं कागज पर जिंदा...आखिर जिम्मेदार कब देंगे ध्यान...?

# नेत्रहीन दंपती पेड़ों के नीचे जिंदगी काटने हो रहे मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

यह सबसे बड़ा विडंबनापूर्ण सच है कि बैतूल जैसे आदिवासी बहुल जिले में, जहां हर मंच पर विकास और जनजातीय कल्याण की बातें होती हैं, वहीं एक नेत्रहीन आदिवासी दंपत्ति धाधु उइके और उसकी पत्नी सुशीला वर्षों से पेंशन, राशन और किसी भी सरकारी योजना से वंचित होकर जंगल में लकड़ी बेचकर पेट भरने को मजबूर हैं।

योजनाओं के भारी-भरकम दावों के बावजूद इस परिवार तक राहत की एक किरण भी नहीं पहुंच सकी। यह सिर्फ गरीबी नहीं, यह उस सिस्टम की नाकामी है जो आदिवासियों के नाम पर योजनाएं बनाता है, पर एक नेत्रहीन दंपत्ति तक उनका हक पहुंचाने में भी नाकाम साबित होता है। जिले की ग्राम पंचायत सराड के जंगल में रह रहे नेत्रहीन धाधु उइके अपनी पत्नी सुशीला के सहारे ही जीवन की हर सांस पूरी कर पा रहा है, जबकि सुशीला खुद अपने पति पर ही निर्भर है। आदिवासी बहुल क्षेत्र में जनजातीय समुदाय के लोगों को अब भी ऐसी कठिन परिस्थितियों में जीवन बिताना पड़ रहा है, जहां सहारा भी सहारे का मोहताज है। बैतूल के जनजातीय क्षेत्र की यह तस्वीर बताती है कि एक नेत्रहीन पति और उसका संघर्षरत जीवनसाथी कैसे एक-दूसरे को थामकर जीने की कोशिश कर रहे हैं। किसी तरह जंगल से लकड़ी बीनकर दो वक्त की रोटी जुटाने वाला यह परिवार योजनाओं और सरकारी दावों से दूर, मूलभूत अधिकारों के बिना जीवन काटने को मजबूर है।



#### मानवता की मिसाल बनी राष्ट्रीय हिन्दू सेना

जब सिस्टम ने आंखें मूंद लीं, तब राष्ट्रीय हिन्दू सेना ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए परिवार तक पहुंचकर सहारा दिया। राष्ट्रीय हिन्दू सेना के पदाधिकारियों ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए इस परिवार की व्यथा को सुना और तुरंत पहुंचकर मदद का हाथ बढ़ाया। जिला अध्यक्ष अनुज राठौर ने बताया कि जंगल में ऐसे कई परिवार हैं जिन्हें उनके अधिकार नहीं मिल रहे। प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय, प्रदेश संयोजक पवन मालवीय, प्रांत सह संगठन मंत्री शुभम इगले, जनपद पंचायत सदस्य अखिलेश वाघमारे, समाजसेवी गोलू उघड़े, रूपेश साहू, लिलाधर पटेल, सत्यम विश्वकर्मा और युगल नागले मौके पर पहुंचे और परिवार की दुर्बल हालात की जानकारी ली।

#### राष्ट्रीय जनजाति आयोग और कलेक्टर को लिखेंगे पत्र

राष्ट्रीय हिन्दू सेना ने घोषणा की है कि इस नेत्रहीन परिवार के हक के लिए अब लड़ाई लड़ी जाएगी। संगठन ने बताया कि वे राष्ट्रीय जनजाति आयोग को पत्र लिखकर पूरे मामले से अवगत कराएंगे और जिला कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी से मिलकर कार्रवाई की मांग करेंगे ताकि जिनके नाम काटे गए हैं, वे जिम्मेदार अधिकारी चिन्हित किए जाएं और परिवार को तुरंत योजनाओं का लाभ मिले। राष्ट्रीय हिन्दू सेना के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय का कहना है कि जहां सरकार की योजनाएं कहती हैं कि नेत्रहीनों को पेंशन, अनाज और सुविधा मिलेगी, वहीं इस परिवार की थाली पिछले डेढ़ वर्ष से खाली है और उनका राशन कार्ड, आधार कार्ड, समग्र आईडी सब होने के बावजूद भी उन्हें उनका हक नहीं मिल रहा।

**खबर संक्षेप**

### उर्स ग़रीब नवाज़ मनाने को लेकर हुई मीटिंग

**देवास।** शहर काज़ी अशरफ़ी विंग के तत्वावधान में उर्स ग़रीब नवाज़ मनाने को लेकर रईस संजरी के घर पर बैठक आयोजित की गई। शहर काज़ी देवास सीनियर मौलाना इरफ़ान अहमद अशरफ़ी साहब और काज़ी नोमान अहमद अशरफ़ी साहब की सरपरस्ती में यह मीटिंग रखी गई। मीटिंग का आगाज़ क़ाज़ी नौमान अहमद अशरफ़ी साहब ने तिलावत-ए-कुरआन से किया। इसके बाद सैयद ज़फ़र अली अशरफ़ी ने नात-ए-पाक पेश की। विंग के सदर डॉक्टर शरीफ़ जमाल अशरफ़ी ने पिछले साल हुए उर्स का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। गौरतलब है कि लगातार 35 वर्षों से ग़रीब नवाज़ का उर्स मनाया जा रहा है। शहर काज़ी मौलाना इरफ़ान अहमद अशरफ़ी साहब ने सर्वसम्मति से मोहम्मद सईद खान अशरफ़ी को उर्स का कनवीनर और सैयद अमान अली को सेक्रेटरी नियुक्त किया। आगामी माह होने वाले ग़रीब नवाज़ के उर्स की व्यापक तैयारी को लेकर रूपरेखा भी तैयार की गई। मीटिंग में मुफ्ती जरीफ़ अहमद अशरफ़ी, सुल्तान अहमद अशरफ़ी, काज़ी हुसैन अहमद अशरफ़ी, सीरत कमेटी के सदर शकील पठान, पत्रकार, सेंट अशरफ़ फाउंडेशन के सदर जावेद शेख अशरफ़ी, बब्बू खान अशरफ़ी, मुस्तक़िम पटेल, अनवर खान रिज़वी, परवेज विनर, जाहिद सागर, शाकिर ठेकेदार, राजा कुरैशी, जबीर हुसैन नूरी, सैयद समीर अली, डॉ. बाबू सिया, गुड्डू पटेल, डॉक्टर फ़हीम अहमद अशरफ़ी, शहज़ाद मुक़ादम, अफ़ज़ल पटेल आदि मौजूद थे।

विशेष राज्यव्यापी यातायात अभियान का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन जारी

# हेलमेट, वाहन बीमा, ओवरस्पीडिंग और हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट पर विशेष केंद्रित

विशेष अभियान डीजीपी मकवाना एवं एडीजीपी पीटीआरआई भोपाल अबसर के मार्गदर्शन में किया जा रहा संचालित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

संपूर्ण प्रदेश में 15 दिवसीय विशेष राज्यव्यापी यातायात अभियान 26 नवंबर से 10 दिसंबर तक संचालित किया जा रहा है। अभियान चार प्रमुख यातायात प्रवर्तन बिना हेलमेट के सवारी, बिना वैध बीमा के वाहन संचालन, ओवरस्पीडिंग और बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के वाहन संचालन जैसी श्रेणियों पर विशेष रूप से केंद्रित है।

### जिले में अभियान की कार्रवाई

जिला देवास में यह विशेष अभियान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उज्जैन ज़ोन उमेश जोगा एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक उज्जैन रेंज नवनीत भसीन के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) हरनारायण बाथम के निर्देशन में समस्त एसडीओपी,समस्त थानाप्रभारी एवं चौकी प्रभारीगण द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता एवं प्रवर्तन की संयुक्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को नगर पुलिस अधीक्षक देवास सुमित अग्रवाल,उप पुलिस अधीक्षक (महिला सुरक्षा शाखा) बबिता बामनिया एवं थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक पवन बागड़ी द्वारा इनोवेटिव पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल देवास एवं सरस्वती ज्ञानपीठ स्कूल देवास में बच्चो को यातायात सुरक्षा एवं नियमों के पालन के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही सायबर हेल्पलाईन नम्बर 1930 एवं पुलिस सहायता हेल्पलाईन नम्बर डायल 112 के संबंध में भी जानकारी दी गई ।






### यातायात नियमों का पालन आवश्यक

यातायात नियमों का पालन न केवल स्वयं की सुरक्षा के लिए बल्कि समाज की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है। इस विशेष अभियान का उद्देश्य लोगों में यातायात अनुशासन के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं दुर्घटनाओं में कमी लाना है। नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा तथा उल्लंघन पाए जाने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

**क्या है HRSP**

इसका पुरा नाम हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (**HSRP**) है जो कि छेड़छाड़-रोधी, एल्युमिनियम निर्मित उन्नत सुरक्षा सुविधाओं वाली नंबर प्लेट होती है, जिसका उद्देश्य चोरी, जालसाजी एवं वाहन की पहचान से संबंधित अपराधों को रोकना है। क्त राज्यव्यापी विशेष यातायात अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, यातायात अनुशासन को सुदृढ़ करना एवं वाहन चालकों में सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। अभियान विशेष रूप से हेलमेट उपयोग, वैध बीमा, निर्धारित गति सीमा के पालन तथा हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (**HSRP**) के अनिवार्य उपयोग को सुनिश्चित करने पर केंद्रित है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं से होने वाले जान-माल के नुकसान को रोका जा सके। वाहन चोरी एवं जालसाजी जैसे अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। सड़क पर व्यवस्थित एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

# टीवी इंस्टॉलेशन के बहाने महिला का मोबाइल नंबर लेकर भेजे अश्लील मैसेज

पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर भेजा जेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

एबी रोड़ स्थित इलेक्ट्रॉनिक शोरूम से गुरुवार को एक ग्राहक ने टीवी खरीदा। अगले दिन शुक्रवार को टीवी कंपनी का कर्मचारी टीवी इंस्टॉलेशन करने के लिए ग्राहक के घर पहुंचा। वहां ग्राहक की पत्नी का मोबाइल उसने टीवी इंस्टॉलेशन के बहाने लिया और महिला की निजी जानकारी जुटाई। उसके बाद कर्मचारी मोहम्मद अनस ने महिला के नंबर पर अश्लील मैसेज भेजना शुरू किए जिसके बाद महिला के परिवार वालों और परिजनों ने शोरूम पहुंचकर जमकर हंगामा किया। महिला के परिजनों ने थाना बीएनपी पर एफआईआर भी दर्ज करवाई। वही शोरूम संचालक ने शिकायत मिलने पर बताया कि कर्मचारी थर्ड पार्टी वर्कर है जिसे तुरंत हटा दिया गया है।मामले में बीएनपी थाना प्रभारी अमित सोलंकी ने बताया किथाना बीएनपी अंतर्गत ग्राम मेंढकी धाकड़ के रहने वाले फरियादी द्वारा गुरुवार को एबी रोड स्थित इलेक्ट्रॉनिक शोरूम क्रोमा सेंटर से टीवी खरीदी गई। शुक्रवार को टीवी कंपनी की तरफ़ से टीवी इंस्टॉलेशन के लिए कर्मचारी जब फरियादी के घर गया तो उसके द्वारा फरियादी पीड़िता का मोबाइल नंबर प्राप्त कर बाद में उसमें अश्लील मैसेज भेजे गए जिसकी सूचना प्राप्त होने पर प्रकारण पंजीबद्ध कर लिया गया है तथा उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जहां से उसे जेल भेजा।

# जिला जेल में गायत्री परिवार ने किया गीता पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की शाखा देवास द्वारा गीता जयंती महोत्सव के अंतर्गत लगातार जनमानस के चिंतन को बदलने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला जेल देवास में भी गायत्री परिवार की टीम द्वारा जेल के बन्दी भाई बहनों को गीता के श्लोक सुना कर श्लोकों का अर्थ समझाया गया। गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि जिला जेल में गायत्री परिवार की टीम द्वारा गीता जयंती महोत्सव के अंतर्गत गीता के श्लोकों को सुना कर श्लोकों का अर्थ समझाया। नवागत जेल अधीक्षण विद्या भूषण प्रसाद के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजन हुआ जिसमें प्रसाद ने बंदियों को गीता के उपदेशों को धारण करने बात समझाई गई। मुख्य वक्ता के रूप में जिला युवा समन्वयक प्रमोद निहाले, वरिष्ठ परिजन अरुण शैव्य, कांतिलाल पटेल व मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी थे। अरुण शैव्य व कांतिलाल पटेल ने बड़ी सरलता व सहजता से श्रीमद भागवत गीता का ज्ञान और सार सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। जिला युवा समन्वयक प्रमोद निहाले ने संबोधन में कहा कि हम सब भगवान श्रीकृष्ण को मानते जरूर है पर उनकी मानते नहीं है अर्थात श्रीमद भागवत गीता के अनुसार हमारे जीवन में परिवर्तन आना चाहिए हमारा जीवन नशामुक्त, भयमुक्त, आडंबर रहित और समाज हित में सृजनशील व लोक कल्याणार्थ बनना चाहिए। यही गीता का सच्चा उपदेश एवं सार है।आयोजन में जेल विभाग के विजयसिंह बारिया, बाबूलाल वर्मा, अभिन्नदन पटेल एवं कई अधिकारी व कर्मचारी सहित सैकड़ों बंदी भाई बहिन उपस्थित थे।

# साइबर सतर्कता ही साइबर सुरक्षा विषय पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देवास एवं विज्ञान महाविद्यालय देवास की एनसीसी इकाइयों एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय साइबर दिवस के अवसर पर साइबर हाइजीन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

कार्यशाला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसपीएस राणा, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ विद्या माहेश्वरी, कर्नल ज्ञानप्रकाश चौधरी कमांडिंग ऑफिसर 10 एमपी बटालियन एनसीसी उज्जैन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यशाला में एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. संजय गाडगे ने विद्यार्थियों व स्टाफ को संबोधित करते हुए साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए हम सभी को सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार, पासवर्ड सुरक्षा, फिशिंग ईमेल की पहचान, मैलवेयर से बचाव, और व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। कार्यशाला के दौरान मुख्य वक्ता सचिन चौहान एवं मोनू राणावत साइबर सेल जिला पुलिस देवास द्वारा वर्तमान में हो रहे साइबर अपराधों के उदाहरण प्रस्तुत किए गए, जिनसे विद्यार्थियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी एवं साइबर जोखिमों की गंभीरता को समझने में सहायता मिलेगी। प्रतिभागियों को स्ट्रांग पासवर्ड बनाने, दो-स्तरीय प्रमाणीकरण (2एफए) का उपयोग करने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने और नियमित साइबर हाइजीन अपनाने की सलाह दी गई।

कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राध्यापकों के साथ एनसीसी कैडेट्स सहित महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक कार्यशाला में भाग लिया और साइबर सुरक्षा से जुड़े अपने प्रश्न एवं अनुभव साझा किए। कार्यशाला के माध्यम से यह संदेश दिया कि डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। कार्यशाला के अंत में आभार कैप्टन डॉ. संजय सिंह बरौनिया ने दिया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 और 2.0 की कार्यप्रगति की उपायुक्त जाफरी ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 में जिस तरह से आवासों को पूर्ण कराया गया उसी तरह योजना 2.0 के लिए तैयार की गई 1178 हितग्राहियों की डी.पी.आर. की संचालनालय से स्वीकृति प्राप्त होते ही त्वरित कार्रवाई करे। साथ ही 119 हितग्राहियों की सूची में दावे आपत्तियों का भी शीघ्रता से निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करें।निगम सभागृह में प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 और 2.0 की कार्यप्रगति की आयोजित समीक्षा बैठक में उक्त निर्देश निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी ने तकनीकी अमले को दिए। प्रभारी कार्यपालन यंत्री जगदीश वर्मा ने बताया कि बैठक में सभी सातों डी.पी.आर.में लिंटल स्तर पर लंबित 51,छत स्तर पर लंबित 248 प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकरण किया जाने हेतु कार्रवाई करने और मृत हितग्राहियों के प्रकरणों की जांच कर कार्रवाई पूर्ण के दिए निर्देश बैठक में दिए गए। उपायुक्त जाफरी ने ऐसे सात उपयंत्रियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए जिन्होंने अपूर्ण आवासों पर करवाई नहीं की और प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित रखा है। बैठक में 103 हितग्राहियों की जिओ टैगिंग का कार्य एक सप्ताह की समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण के संबंध में भी चर्चा की गई।बैठक में उपयंत्री जितेंद्र सिसोदिया, विजय जाघव, राजेश कौशल, श्याम सुंदर, चंदन सोनी, अनीता ठाकुर, विजेता चंद्र, भूमिका जैन, करुणा जसोरिया, विमलेश सिंह, पीएम आवास योजना विभाग से अशोक दुबे, उमेश चतुर्वेदी, बृजमोहन सराठे, अखिलेश सिसोदिया, सारिका बांगर उपस्थित रहे।

# पीएम श्री विद्यालय में पालक-शिक्षक बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कमलापुर में शुक्रवार को पालक–शिक्षक बैठक का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। बैठक में विद्यालय के सभी कक्षा अध्यापकों ने उपस्थित पालकों को विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, कक्षा में उनके प्रदर्शन तथा अध्ययन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। प्राचार्य अनंत नागर ने पालकों से संवाद करते हुए बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में घर और विद्यालय दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने पालकों से अनुरोध किया कि वे नियमित रूप से बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें, समय–समय पर विद्यालय से संपर्क बनाए रखें तथा बच्चों को सकारात्मक वातावरण प्रदान करें।बैठक में बच्चों की नियमित उपस्थिति, व्यवहार, अध्ययन आदतों तथा शैक्षिक सुधारों पर विशेष चर्चा की गई। पालकों ने भी विद्यालय के सभी शिक्षकों के साथ अपने सुझाव साझा किए और विद्यालय द्वारा की जा रही विभिन्न शैक्षणिक पहलों की सराहना की। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षक नसरीन खान ने सभी पालकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हैं, जिससे विद्यार्थियों के भविष्य को सुदृढ़ बनाने में सहायता मिलती है।

समान अधिकार यात्रा को लेकर श्री राजपूत करणी सेना द्वारा सभा आयोजित

# ईडब्ल्यूएस आरक्षण बढ़ाकर 20 प्रतिशत किया जाए: श्री करणी सेना

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




श्री राजपूत करणी सेना द्वारा सर्व समाज के हितों को लेकर आगामी 14 दिसंबर 2025 को सोनकच्छ में एक विशाल समान अधिकार यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा विशेष रूप से ईडब्ल्यूएस (इकोनॉमिकली वीकर सेक्शन) श्रेणी के हितों, अधिकारों और समस्याओं के समाधान हेतु समाज में व्यापक जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। यात्रा का शुभारंभ अन्नाज मंडी, सोनकच्छ (जिला देवास, मध्य प्रदेश) से दोपहर 1 बजे होगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन को लेकर देवास के मल्हार स्मृति मंदिर परिसर में एक सभा आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभा में मुख्य अतिथि के रूप में किरण सिंह, प्रदेशाध्यक्ष, श्री राजपूत करणी सेना, जितेंद्र सिंह चौहान, प्रदेश प्रभारी, रेखा खुमान सिंह बैस, देवास जिलाध्यक्ष, महिला इकाई, केवल सिंह चावड़ा, धार जिलाध्यक्ष, किशोर सिंह राजपूत, जिलाध्यक्ष, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा रहे। सभा की अध्यक्षता विशाल सिंह रघुवंशी, कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष, श्री राजपूत करणी सेना ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह ने कहा कि यह आंदोलन सर्व समाज के अधिकारों की पुनःस्थापना का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भले ही केंद्र सरकार ने 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू किया है, लेकिन मध्य प्रदेश में लागू कठोर शर्तें इसे वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचने से रोक रही हैं। उन्होंने कहा कि सामान्य वर्ग के पात्र परिवार जटिल प्रावधानों की वजह से वास्तविक लाभ से वंचित हैं। प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह चौहान ने अपनी बात रखते हुए करणी सेना की प्रमुख मांगों को विस्तार से रखते हुए कहा कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत किया जाए। अन्य आरक्षित वर्गों की तरह प्रतियोगी परीक्षाओं में ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को 5 वर्ष की आयु सीमा छूट मिले। यूपीएससी सहित सभी परीक्षाओं में अतिरिक्त प्रयासों की अनुमति दी जाए। मेधावी विद्यार्थी योजना, आकांक्षा योजना, प्रसूति सहायता योजना जैसी राज्य योजनाओं में इडब्लूएस वर्ग को शामिल किया जाए।

### यात्रा को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी

अध्यक्षता कर रहे रघुवंशी ने बताया कि इस अभियान का नेतृत्व संगठन के पदाधिकारियों द्वारा एकजुटता के साथ किया जा रहा है। जारी पोस्टर के अनुसार, कार्यक्रम में श्री राजपूत करणी सेना के संस्थापक एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। यात्रा का उद्देश्य है कि समाज में समान अवसर मिले ईडब्लूएस वर्ग के लिए न्यायपूर्ण व्यवस्था की स्थापना हो। संगठन द्वारा जारी पोस्टर में 'चलो सोनकच्छ - चलो सोनकच्छ' के संदेश के साथ समाज के प्रत्येक सदस्य से अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी करने की अपील की गई है। इस अवसर पर कल्याण सिंह दरबार, सौदान सिंह, सुरेंद्र सिंह गौड़, सत्यजीत सिंह चौहान, दिलीप सिंह झाला, सवाई सिंह, अमित राजपूत, प्रवीण राजपूत, चेतन दरबार अमोना, जय सिंह बिंजना सहित बड़ी संख्या में श्री राजपूत करणी सैनिक व समाज के वरिष्ठ जन मौजूद रहे।

# युवक का शव सड़क पर रखकर किया चक्का जाम



**माखननगर।** नगर के माता मोहल्ले में रहने वाला जितेंद्र अहिरवार राकेश सिन्हा के डीजे पर ऑपरेटर का काम करता था। 13 तारीख को जितेंद, राकेश और निहाल खान के साथ डीजे पर गया था, जहां राकेश और निहाल ने उसके साथ मारपीट की और उसे अस्पताल छोड़कर चले गए। जहां से उसके परिजन उसे होशंगाबाद और भोपाल ले गए। जहां 15 दिन तक इलाज चला और इलाज के दौरान जितेंद्र की मौत हो गई। रविवार को अहिरवार समाज और जितेंद्र के परिजन शव को सड़क पर रखकर जितेंद्र के मौत के जिम्मेदार लोगों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की मांग कर चक्का जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करते रहे। अहिरवार समाज के द्वारका चौधरी जितेंद्र चौधरी मांडले एडवोकेट दिनेश अहिरवार बलराम अहिरवार एवं बड़ी संख्या में अहिरवार समाज के लोग एकत्रित हुए। एसडीओपी संजू चौहान धरना स्थल पर पहुंचे और उनकी मांग पर मृतक के भाई के बयान लिए और आश्वासन दिया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर न्याय संगत कार्रवाई की जाएगी।

**इनका कहना है...**

मृतक के भाई के बयान लिए गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद न्यायोचित कार्रवाई की जाएगी।

संजू चौहान, एसडीओपी

## खबर संक्षेप



### रहटगांव की सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे

**रहटगांव।** तहसील क्षेत्रफल की दृष्टि से जिले की सबसे बड़ी तहसील कही जाती है, लेकिन यहां की सुरक्षा व्यवस्था भगवान के भरोसे चल रही है। रहटगांव तहसील में दर्जनों गांव लगे हैं और सुरक्षा व्यवस्था मात्र एक थाने के भरोसे चल रही है। गांव के मुख्य चौराहों पर ग्राम पंचायत के द्वारा सीसीटीवी कैमरे जरूर लगाए गए हैं, परंतु जब पुलिस प्रशासन द्वारा सभी को रविवार के दिन चेक किया गया तो आधे से ज्यादा कैमरे बंद पड़े हैं। और कुछ सीसीटीवी कैमरों के कार्ड कई महीनो से अपडेट नहीं कराए गए हैं। जिससे कहीं ना कहीं ग्राम की सुरक्षा मे भारी लापरवाही की जा रही है। सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए कैमरे शोपीस नजर आ रहे हैं। अपराध या दुर्घटना में पुलिस के लिए सबसे कारगर होते हैं। सीसीटीवी कैमरे लेकिन हालात कुछ और ही बयां कर रहे हैं। खैर लापरवाही किसी की भी हो सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे है।

### ढाई वर्षीय गर्म पानी से भरे बर्तन में गिरा

**हरदा।** रविवार दोपहर एक ढाई वर्षीय बच्चा खेलते समय गर्म पानी से भरे बर्तन (कुंड) में गिर पड़ा। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे तुरंत हरदा जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां बच्चे का इलाज पीआईसीयू वार्ड में चल रहा है। जानकारी के अनुसार, खंडवा जिले के हरसूद थाना क्षेत्र के रामजीपुरा निवासी विकास कास्दे का दो वर्षीय बेटा रामेश्वर मगरधा में अपने बड़े भाई के खेत पर खेल रहा था। इस दौरान वहां रखा गर्म पानी का बर्तन (कुंड) उसके पास था। अचानक खेलते-खेलते वह उसी में गिर गया। हादसे में बच्चे के दोनों पैर, दोनों हाथ और पीठ बुरी तरह झुलस गई। बताया जा रहा है कि उसके शरीर का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा प्रभावित हुआ है। घटना के बाद परिजन पहले उसे गांव के ही एक स्थानीय डॉक्टर के पास ले गए, लेकिन स्थिति गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल लाया गया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार, बच्चे की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। डॉक्टरों ने बताया कि रामेश्वर परिवार का इकलौता बेटा है, पुलिस ने मामले की जानकारी दर्ज कर ली है।

### सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवक गंभीर घायल

**हरदा।** रविवार को छीपानेर रोड पर हुए एक सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवक प्रदीप बामने गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए पहले जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार, आनंद नगर निवासी प्रदीप पिता ओमप्रकाश बामने (18) रविवार को अपनी बाइक से बरखा हॉस्पिटल जा रहा था। गजानंद कृषि के सामने उसकी बाइक का संतुलन बिगड़ने से वह फिसल गई। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक एमपी 12-0188 की चपेट में आने से प्रदीप के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने घायल युवक को ट्रक के नीचे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

### अंबेडकर महापरिनिर्वाण दिवस पर होंगे आयोजन

**हरदा।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के लिए रविवार को हरदा स्थित अजाक्स कार्यालय में एक बैठक हुई। इस बैठक में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए। बैठक में आगामी 5 दिसंबर को होने वाली जनसभा, संगोष्ठी और रैली के आयोजन पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम को सफल और व्यवस्थित बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक के माध्यम से और सोशल मीडिया के जरिए अपील की गई है।

---

### गणना पत्रक 11 दिसंबर तक भरे जाएंगे, 14 फरवरी 26 को होगा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन

# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की भारत निर्वाचन आयोग ने समय सीमा बढ़ा दी है। इस संबंध में आयोग ने निर्देश भी जारी कर दिए हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 30 नवंबर को संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी कार्यक्रम अनुसार मध्यप्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया अब 14 फरवरी 2026 तक चलेगी। इसके अनुसार अब 11 दिसम्बर 2025 तक एन्युमरेशन फार्म भरने का काम बीएलओ द्वारा किया जाएगा तथा 16 दिसंबर को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन होगा। जारी कार्यक्रम अनुसार 16 दिसंबर से 15 जनवरी 2026 तक दावा आपत्तियों के आवेदन लिए जाएंगे तथा 16 दिसंबर से 7 फरवरी 2026 तक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद 14 फरवरी 2026 को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने कहा कि सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए। नवीन दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में दिए गए नवीन निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें। उसे अच्छी तरह से अध्ययन कर लें। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ तीन बार मतदाताओं के घर जाएंगे, यह सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जो व्यक्ति 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहा है, वह भी मतदात सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकता है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6, हटवाने के लिए फॉर्म 7 और सुधार या संशोधन के लिए मतदाता को फॉर्म 8 भरना होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने बताया कि एन्यूमरेशन फार्म भरने में यदि कोई व्यक्ति मिथ्या घोषणा करता है तो जुर्माने या कारावास के लिए दंडनीय होगा।

---

### डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के द्वारा पांचवा चेस टूर्नामेंट का आयोजन

# लगातार शतरंज प्रतियोगिता से खिलाड़ियों का बढ़ गया खेल का स्तर: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के द्वारा पांचवा चेस टूर्नामेन्ट का आयोजन रविवार को एक निजी स्कूल में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के मुख्य आतिथ्य में की गई। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री जैन ने कहा कि सभी खिलाड़ियों ने इतने उत्साह के साथ प्रतियोगियों में भाग लिया यह बहुत हर्ष की बात है। लगातार हरदा जैसी जगह में शतरंज प्रतिभागियों हो रही है, जिससे खिलाड़यों का खेल का स्तर बढ़ गया है। निश्चित ही आने वाले समय में हरदा जिले का नाम प्रदेश ही नहीं देश के स्तर पर होगा। चेस प्रतियोगिता में 94 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस दौरान 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के 54 खिलाड़ी एवं ओपन वर्ग में 40 खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल हुए। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन अध्यक्ष आलोक जैन, सचिव पी.सी. पोर्ते, उपाध्यक्ष जय शंकर कानवा, मिडिया प्रभारी रोहित तिवारी, कोषाध्यक्ष सत्यम बंसल, विनोद उपाध्याय, राजेश गौर, राम गोपाल रघुवंशी, गणेश पटेल, अक्षय तोमर सहित बच्चों के माता-पिता एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर कार्यक्रम के विशेष अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अशोक जैन ने विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया।

प्रतियोगिता में अंडर 14 वर्ग में प्रथम स्थान राघव द्विवेदी, द्वितीय स्थान लक्ष्य तनवानी, तृतीय स्थान वासु सिंह, चतुर्थ स्थान ऐकांश श्रीमाली एवं पांचवा स्थान आर्यन सोलंकी ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में ओपन वर्ग में प्रथम स्थान हरदा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने प्राप्त किया। वहीं द्वितीय स्थान अर्जव जैन, तृतीय स्थान दिलीप कुमार गुप्ता, चतुर्थ स्थान यश पचौरी, पांचवा स्थान अक्षय सिंह तोमर ने प्राप्त किया । साथ ही इस बार से हरदा स्टार ऑफ द सीटी के दो पुरूस्कार रखें गये, जो सद्दाम पठान एवं आलोकिक राय को दिये गये। कार्यक्रम के अंत में सचिव पी.सी. पोर्ते ने आभार व्यक्त किया।

### सांसद खेल महोत्सव का आगाज कल कबड्डी खेल से होगा

सांसद खेल महोत्सव का आगाज कल 2 दिसम्बर को कबड्डी खेल से होगा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव में उम्र का कोई बंधन नहीं है, 15 वर्ष से अधिक आयु के कोई भी खिलाड़ी भाग ले कर अपनी हिम्मत, कौशल व खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त कर सकते है। उन्होने कहा कि हरदा की मिट्टी में खेल रचा बसा है। खेल महोत्सव अपनी प्रतिभा को खेल महोत्सव में दिखाने का मौका है। उन्होने अपील की है कि प्रतियोगिता में अधिक से अधिक युवा खिलाड़ी भाग लें एवं उनके अभिभावक भी शामिल हो। विधान स्तर पर चयनित खिलाड़ी लोकसभा क्षेत्र बैतूल में आयोजित खेल महोत्सव में शामिल होंगे।कलेक्टर जैन ने बताया कि खेल महोत्सव के आयोजन के लिये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विभाग अशोक डेहरिया को नोडल एवं ब्लॉक समन्वयक सलमा खान को महोत्सव आयोजनकर्ता नियुक्त किया गया है।

इस महोत्सव में सभी शासकीय अशासकीय खेल प्रशिक्षक निर्णायक रहेंगे। ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि सम्पूर्ण प्रतियोगिता कलेक्टर सिद्धार्थ जैन और पुलिस अधीक्षक शशांक के मार्गदर्शन में आयोजित होगी। सांसद खेल महोत्सव विधानसभा स्तर पर हरदा एवं टिमरनी में आयोजित होंगे। उन्होने बताया कि हरदा में प्रचलित खेल कबड्डी से 2 दिसम्बर को खेल महोत्सव का आगाज होगा जबकि टिमरनी 3 दिसंबर को खोखों खेल से महोत्सव का शुभारंभ होगा। इस खेल उत्सव में समूह खेल खो खो, कबड्डी, रस्साकसी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, हॉकी, पिट्ठू, क्रिकेट लेदर बॉल एवं व्यक्तिगत खेल योग, एथेलेटिक्स, बैडमिंटन, कुश्ती, आदि खेलो का आयोजन किया जाएगा।

---

### साइलेंसर से पटाखे फोड़ते थे

# पुलिस ने चलवाया बुलेट के साइलेंसर पर बुलडोजर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले में ट्रैफिक पुलिस ने रविवार को 50 से अधिक अवैध साइलेंसर और हूटरों को नष्ट कर दिया। रविवार को साईं मंदिर के पास बुलडोजर से इन्हें कुचला गया। यह कार्रवाई सड़कों पर शोर मचाने वाले वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए की गई है।

ट्रैफिक थाना प्रभारी उमेश ठाकुर ने बताया कि अवैध साइलेंसरों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पिछले तीन महीनों में 50 से अधिक साइलेंसर और दर्जनों हूटर जब्त किए गए थे। इन सभी को बुलडोजर से नष्ट किया गया। ठाकुर ने यह भी बताया कि पुलिस अवैध रूप से मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने वालों और कारों पर हूटर लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इन वाहन चालकों को पहले भी अपने वाहनों से इन्हें हटाने की समझाइश दी गई थी, लेकिन कई लोगों ने निर्देशों का पालन नहीं किया। इसलिए यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

शहर की सड़कों पर कई बाइक सवार मॉडिफाइड साइलेंसर के कारण पटाखों या गोली जैसी तेज आवाज निकालते हुए चलते थे। कारों पर भी अवैध हूटर लगे होते थे, जिससे अन्य वाहन चालक अक्सर घबरा जाते थे।

ट्रैफिक पुलिस ने चेकिंग के दौरान ऐसे वाहनों को रोककर साइलेंसर और हूटर निकलवाए थे। जानकारी के अनुसार, शहर में डेढ़ से दो हजार रुपए में अवैध साइलेंसर बाइक में लगवाए जाते हैं। ट्रैफिक पुलिस ने पहले ही वाहन चालकों को चेतावनी दी थी कि वे इन्हें अपने वाहनों से हटा लें, अन्यथा पकड़े जाने पर साइलेंसर जब्त कर चालान भी किया जाएगा।

---

### पूनमचंद हुए सेवानिवृत

# 33 वर्षों के शिक्षकीय जीवन में शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान दिया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया

शिक्षा किसी भी समाज की नींव होती है और शिक्षक वह आधारशिला होते हैं जो इस नींव को मजबूत बनाते हैं। प्राथमिक शाला टेमलाबाड़ी रैयत के शिक्षक पूनमचंद बिश्नोई ने अपने 33 वर्षों के शिक्षकीय जीवन में शिक्षा के क्षेत्र में जो योगदान दिया है, वह अतुलनीय है। उनके सेवानिवृत्ति के अवसर पर उनके परिवार, रिश्तेदार, टेमलाबाड़ी रैयत के समस्त ग्रामवासी और समस्त चरुवा संकुल के शिक्षकों के द्वारा स्कूल में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया स्कूल के सभी 40 विद्यार्थियों को स्वयं की ओर सें ठंड के जैकेट वितरण करे ओर मिडिल स्कूल मे 21 पौधों का रोपण कर पालने निर्णयकार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी डीएस रघुवंशी, सहसंचालक बलवंत पटेल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार, संकुल प्राचार्य डॉक्टर ज्योति वर्मा और समस्त क्षेत्रवासियों ने पूनम चंद का सम्मान कर उन्हें विदाई दी। इस अवसर पर पूनमचंद के योगदान को याद करते हुए सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन की कामना की। उनके द्वारा दी गई शिक्षा और मूल्यों की विरासत हमेशा जीवित रहेगी और समाज को प्रेरित करती रहेगी।

---

# गीता महोत्सव जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

**हरदा।** गीता जयंती महोत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम 1 दिसम्बर को डॉ. बी.आर. अम्बेडकर उत्कृष्ट विद्यालय हरदा बालक छात्रावास प्रांगण में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरदा को नोडल तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।जारी आदेश अनुसार शासन के निर्देशानुसार विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम की सम्पूर्ण व्यवस्था का दायित्व सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी टिमरनी व खिरकिया को सौंपा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी को सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीताप्रतिष्ठानम, गीता श्लोक व्याख्यान एवं मंच संचालन की सम्पूर्ण व्यवस्था सौंपी गई है।

सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों व जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सभी शासकीय अशासकीय कृष्ण मंदिरों, न्यास एवं अन्य संस्थाओं के सहयोग से विशेष कार्यक्रम एवं श्रीकृष्ण मंदिरों की साफ-सफाई, श्रृंगार व रोशनी की व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार जेल अधीक्षक जिला जेल हरदा को गीता जयंती के अवसर पर कारागारों में गीता पाठ का आयोजन तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को चित्र प्रदर्शनी के आयोजन का दायित्व सौंपा गया है।

---

### अभिराज सिंह राजपूत की पुण्यतिथि पर किया आयोजन

# शिविर में 158 लोगों ने किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया

स्व अभिराज सिंह राजपूत की पुण्यतिथि पर श्री ठाकुर परिवार के द्वारा आयोजित विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया इसमें 158 लोगो के द्वारा रक्तदान किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ सभी सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के द्वारा किया गया शिविर में 38 महिलाओं के द्वारा रक्तदान दिया गया इस आयोजन में जय महाराणा रक्त समूह भारत एवं एचडीएफसी बैंक परिवार का भी सहयोग मिला इस मौके पर नायब तहसीलदार पिंशी जैन बीएमओ शैलेंद्र ओरिया डॉ आर के विश्वकर्मा परमानंद बघेल गोल्डी राजपूत विनय राजपूत बाबा राजपूत जुगल सेनी उपस्थित थे।

---

### प्रदेश मंत्री ने ली शक्ति केंद्र पर बैठक

# भाजपा कार्यकर्ताओं से मुद्दों पर चर्चा कर एसआईआर की संक्षिप्त जानकारी दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

भाजपा मंडल रहटगांव की बैठक भाजपा प्रदेश मंत्री राजो मालवीय एवं विधानसभा प्रभारी अजय बांके द्वारा रकफ को लेकर शक्ति केंद्रों की बैठक ग्राम नजरपुरा में श्रीराम चौहान के निवास पर ली गई। एस आई आर की संक्षिप्त जानकारी देकर, समस्त कार्यकर्ताओं से चर्चा की। जिसमे सभी रहटगांव मंडल अध्यक्ष संतोष गौर, गोविंद पालीवाल, शैलेंद्र बिल्लोरे, शिवशंकर पाठक, रामकृष्ण सोलंकी, सपना अग्रवाल, ममता राठोर, हंसूं सोनी, दिनेश चावड़ा, संजय गौर, सुभाष किरार,निलेश कुमार गौर,जयदिप राठोर,अमित गीते,महेश सकल्ले,सविता शर्मा, मुकेश पाखरे शक्ति केंद्र प्रभारी 2 बूथ अध्यक्ष एवं सभी वरिष्ट पदाधिकारी कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।



---

### मंदिर की छठवीं वर्षगांठ महोत्सव की शुरुआत शोभायात्रा के साथ हुई

# पार्श्वनाथ की प्रतिमा का महामस्तकाभिषेक किया

**खिरकिया।** दिगंबर जैन समाज ने रविवार को अपने आराध्य मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ की विशाल प्रतिमा का भव्य महामस्तकाभिषेक आयोजित कर मंदिर की छठवीं वर्षगांठ को भक्तिभाव के साथ मनाया। इस अवसर पर समाज के पुरुषों और महिलाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने पूरे क्षेत्र को धार्मिक ऊर्जा से भर दिया। वर्षगांठ महोत्सव की शुरुआत शहर में एक जुलूस (शोभायात्रा) के साथ हुई।

जुलूस में पुरुषों ने इंद्र वेश धारण कर श्रीजी की प्रतिमा को अत्यंत श्रद्धा के साथ अपने सिरोधार्य किया। यह मनमोहक दृश्य भक्ति और समर्पण का प्रतीक बन गया, जिसने पूरे मार्ग को आस्था के रंग में रंग दिया। जुलूस के मंदिर प्रांगण पहुंचने के बाद जिम्मी भैयाजी के मार्गदर्शन में मुख्य धार्मिक क्रिया महामस्तकाभिषेक का आयोजन किया गया। प्रथम कलश करने का परम सौभाग्य यश जैन,रौनक जैन,अंकित जैन तथा रक्षित जैन को प्राप्त हुआ।शांतिधारा करने का सौभाग्य राहुल



जैन, रौनक जैन, नीलेश जैन, और विनोद जैन के परिवारों को मिला, जिन्होंने विश्व शांति की कामना के साथ अभिषेक किया।मंदिर की छठवीं वर्षगांठ पर आयोजित इस भव्य महोत्सव में समाज के सभी पुरुष एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महामस्तकाभिषेक के दौरान बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे और उन्होंने भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सुबह के समय मंदिर प्रांगण में धार्मिक जयकारों और भजनों की गूंज सुनाई देती रही, जिसने समाज में एक नई धार्मिक चेतना का संचार किया।रात्रि में 48 दीपों के साथ भक्ताम्बर स्त्रोत की आराधना की गई। उल्लेखनीय है कि करीब सात हजार वर्गफीट में निर्मित यह मंदिर अपनी वास्तुकला और विशालता के लिए पूरे नर्मदापुरम संभाग में अद्वितीय है। यहां मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ की 11 फीट ऊँची पदमासन प्रतिमा विराजमान है। इस मंदिर का पंच कल्याणक महोत्सव साल 2019 में संपन्न हुआ था। यह धार्मिक अनुष्ठान आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के मंगल आशीर्वाद तथा पमुनि श्री अजितसागर महाराज, मुनि श्री निर्लोभ सागर महाराज, मुनि श्री निर्दोष सागर महाराज तथा एलक श्री दयासागर महाराज के पावन सानिध्य में प्रतिष्ठाचार्य वाणी भूषण विनय भैयाजी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक हुआ था।